श्याम तेरा दीवाना

श्याम के चरणों में अब ये है जीवन है बिताना,
हुआ मैं हुआ दीवाना श्याम तेरा दीवाना,

श्याम मैं तेरी रेहमत से चलता हु,
हो जुदा न हम फरयाद करता हु,
आके देख ले जरा तू वसा है सांसो में,
सिर्फ तेरी मूरत है मेरी दोनों आँखों में,
अब तू ही मंजिल मेरी तू है ठिकाना,
हुआ मैं हुआ दीवाना श्याम तेरा दीवाना,

दर्श हो मुझको दीदार हो तेरा,
दिल तड़पता है हर ग्यारस पे मेरा,
तू ही वंदना मेरी अब तू ही इबादत है,
बाबा मेरे जीवन की इतनी सी गुजारिश है,
ख़त्म न हो ग्यारस पे मेरा आना जाना,
हुआ मैं हुआ दीवाना श्याम तेरा दीवाना,

हो कोई मुश्किल या कोई परेशानी,
हर कदम तुम ही करते हो रखवाली,
थामे रखना हाथ तुम फिर कभी न छोड़ न,
तुम से ही उम्मीद मेरी साथ ये न छोड़ना,
गुण तेरे ही गाये सौरव की है यही तमना
हुआ मैं हुआ दीवाना श्याम तेरा दीवाना,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10266/title/huya-main-huya-diwana-shyam-tera-diwaana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |